# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 16.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1-थाना कटघर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये 01 आरोपी को किया गिरफ्तारः-



अवगत कराना है कि दिनांक 10.12.2024 वादिनी निवासनी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत ने अपने पुत्र बेबी यादव पुत्र गोपाल यादव निवासी सिहंमन हजारी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद के गुम हो जाने के संबंध में तहरीरी सूचना दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर गुमशुदगी दर्ज की गयी। तथा गुमशुदा की तलाश व आवश्यक कार्यवाही की गयी तो दिनांक 10.12.2024 की रात्रि के समय उक्त घटना में गुमशुदा बेबी यादव की शव थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत बन्द पडे शोपिंग माल से बरामद हुआ। गुमशुदा का शव बरामद होने पर थाना कटघर पर पंजीकृत बेबी यादव उपरोक्त की गुमशुदगी को मृतक के भाई सौरभ यादव की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 706/2024 धारा 103(1)/238(a) बीएनएस में तरमीम किया गया।

उपरोक्त घटना के सफल अनावरण व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद के नेतृत्व एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के पर्यवेक्षण में थाना कटघर पर टीम गठित की गयी। विवचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त शीशपाल सैनी उर्फ पाला पुत्र गोविन्द सिंह सैनी निवासी कृष्णा कालोनी गुलाबबाडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 16.12.2024 को गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये उपरोक्त घटना में सम्मलित अभियुक्त शीशपाल सैनी उर्फ पाला पुत्र गोविन्द सिंह सैनी निवासी कृष्णा कालोनी गुलाबबाडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मृतक बेबी यादव का आधार कार्ड बरामद हुआ। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## पूछताछ का विवरणः-

अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ पर बताया कि सुन्दर पुत्र विनोद वर्मा निवासी पप्पू बेल्डर के टीले पर बरबलान थाना कटघर जनपद मुरादाबाद मेरा बहुत अच्छा दोस्त है । हम दोनो नशे के आदि है, राकेश और बेबी यादव जो एक ही मौहल्ले सिहंमन हजारी थाना कटघर के रहने वाले है, ये दोनो भी हमारे साथ नशा करते थे । हम लोग बेरोजगार है, तथा नशा करने के लिये इधर उधर से सामान चुराकर उसे बेचकर नशा करते है मै व अन्य दोस्त अक्सर पाकबडा में बन्द पडे शोपिगं माल से सामान चुराकर उसको बेचकर रूपये मिलते है उन्ही रूपयों से नशा करते है, दिनांक 03.12.2024 की रात्रि मै व सुन्दर और बेबी यादव पाकबाडा क्षेत्र में स्थित बन्द पडे शोपिगं माल पर पहुँचे और वहां से एक मोटर चोरी कर ली, जब हम उस मोटर लेकर चलने लगे तो बेबी यादव कहने लगा कि ये मोटर साइकिल मैं अपने घर लेकर जाउगां । तो सुन्दर ने कहा नही इसको बेचकर जो पैसा आयेगा उसको आपस में बांट लेगें लेकिन बेबी यादव जिद पर अड गया और झगडे करने लगा जब वह नही माना तो हम दोनो को गुस्सा आ गया और हम दोनो ने मिलकर बेबी यादव को गिराकर गमंछे से उसका गला घोट दिया जब वह मर गया तो हमने उसकी लाश को पास में ही झाडियो में एक गड्डे में डाल दिया और बेबी यादव की जेब में रखा आधार कार्ड मैने निकाल लिया था कि बेबी यादव की पहचान ना हो सके । और हम दोनो वहाँ से मोटर लेकर आ गये थे । अगले दिन हमारा दोस्त राकेश उर्फ जमुरा पुत्र किशन मुझसे कहने लगा कि मुझे पैसो की सख्त जरुरत है चलो पाकबडा चलते है वहा से कुछ सामान चुराकर उसको बेच देगें मुझे कुछ पैसे मिल जायेगें । मै और राकेश बन्द पडे शोपिगं माल पहुँच गये जहाँ पर उसने बेबी यादव की लाश देख ली थी । राकेश उर्फ जमूरा ने बेबी यादव के भाई सौरभ को पाकबडा में बन्द पडे शोपिगं माल में एक लाश पडी होने के बारे में बता दिया था ।

## गिरफ्तार अभियुक्त-

शीशपाल सैनी उर्फ पाला पुत्र गोविन्द सिंह सैनी निवासी कृष्णा कालोनी गुलाबबाडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

## बरामदगी-

मृतक बेबी यादव का आधार कार्ड

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त शीशपाल सैनी उपरोक्तः-

1-मु0अ0सं0 1419/2018 धारा 302,201,376 भादवि थाना कटघर, मुरादाबाद
2- मु0अ0सं0 1187/2020 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना कटघर , मुरादाबाद
3- मु0अ0सं0 147/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना गलशहीद, मुरादाबाद
4- मु0अ0सं0 706/2024 धारा 103(1)/238(a) बी0एन0एस0 थाना कटघर , मुरादाबाद ।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1-प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2-उ0नि0 शहजाद अली थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3-का0 मोनू चौधरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
4-का0 भूपेन्द्र थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ।

**2-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 06 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 16.12.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा आरोपीगण 1- नितिन पुत्र हेतराम निवासी डबल फाटक दससराय थाना कटघर, 2- योगेन्द्र पुत्र प्रेम सिह निवासी डबल फाटक दशसराय थाना कटघर, जनपद मुरादाबाद तथा थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा आरोपीगण 1. सोनू पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम भरतावाला थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, 2. नासिर अली पुत्र श्री मौ० इकबाल निवासी मौहल्ला बहेड़ावाला कस्वा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद, 3. जुल्फिकार पुत्र श्री मौ० इकबाल निवासी मौहल्ला बहेड़ावाला कस्वा व थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद, 4. नदीम पुत्र श्री रियासत अली निवासी मौहल्ला बहेड़ावाला कस्वा व थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।